ड्रग्स के खिलाफ अभियान जारी

इंदौर » नरेश दोहरे
9977112121

एसपी सोनी

नारकोटिक्स विभाग इंदौर लगातार प्रदेश में ड्रग्स के खिलाफ अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में एसपी दिलीप सोनी भी सख्ती से कार्रवाई कर रहे हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो सोनी के निर्देशन में नशे के खिलाफ सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई है। गांजा, अफीम, डोडा चूरा वालों के खिलाफ नारकोटिक्स विंग ने कार्रवाई शुरू कर रखी है। आंकड़ों की बात करें तो 2019 में 88 मामले दर्ज किए गए। इनमें से डोडा चूरा 139 क्विंटल जब्त किया गया। गांजा 368 किलो पकड़ाया। अफीम 53 किलो पकड़ाई। पकड़ाए गए माल की कीमत करोड़ों में आंकी गई है। साथ ही तीस हजार से ज्यादा अन्य ड्रग्स पकड़े गए। ये आंकड़े नारकोटिक्स विभाग ने जारी किए हैं। करीब 175 से ज्यादा ड्रग्स तस्करों को जेल की हवा नारकोटिक्स विभाग ने खिला दी है। यह कार्रवाई जारी है। 2020 की शुरुआत में ही 20 से ज्यादा मामले दर्ज कर लिए हैं।

मेडिकल ड्रग्स के खिलाफ भी मुहिम

चरस, गांजा, अफीम के साथ ही मेडिकल पर मिलने वाले ड्रग्स के खिलाफ भी मुहिम जारी है। प्रतिबंधित दवाएं बेचने वाले मेडिकल संचालकों पर भी कार्रवाई की गई है। इसके अलावा सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है, जो अफीम से ज्यादा खतरनाक है।

कॉलेजों में दे रहे समझाइश

नारकोटिक्स एसपी दिलीप सोनी ने बताया कि ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ अभियान तो चलाया ही जा रहा है। साथ में ड्रग्स का सेवन रोकने के लिए समझाइश भी दी जा रही है। नारकोटिक्स की टीम कॉलेजों में पहुंच रही है। साथ ही ड्रग्स का सप्लाय रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने की आलू चिप्स कारखाने शुरू करने की मांग

इंदौर। महू तहसील के गांव कोदरिया में चलने वाले आलू चिप्स के कुछ कारखानों को प्रदूषण विभाग एवं महू एसडीएम द्वारा बंद कर सील कर दिया गया था। इस कारण आलू चिप्स बनाने वाले सभी कारखानों ने अपने कारखाने बंद कर दिए। इससे आलू मंडी में खरीदी भी प्रभावित हो रही है। मंडी में आलू की खरीदी नहीं होने से आलू खराब होने लगा। इन कारखानों को फिर से शुरू करने के लिए कांग्रेस नेता कलेक्टर से मिले और अपनी समस्याएं बताईं। इस दौरान कारखाना संचालक भी मौजूद थे। कच्चे आलू पपड़ी संघ महू का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से बुधवार को मिला। इसके साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव और अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया

इंदौर। महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक श्वेता पति आशीष सोनी निवासी बाणगंगा ने शिकायत कर बताया कि उसकी शादी आशीष सोनी निवासी साकेत नगर भोपाल के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद तक सबकुछ ठीक चला। लेकिन उसके बाद पति आशीष, सोहनलाल सोनी, ननंद रश्मि सोनी ने उन्हें छोटी-छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। श्वेता का आरोप है कि उक्त लोग उससे दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करते हैं। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं महिला थाना पुलिस ने अपूर्वा पति वैभव जैन निवासी राजबाग कॉलोनी की शिकायत पर पति वैभव जैन निवासी सूरज कुंज व अन्य के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। अपूर्वा का आरोप है कि उसे वैभव दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था।

16 महीने के बेटे से किया दूर वाट्सएप पर दिखाते हैं वीडियो

इंदौर » सिटी रिपोर्टर

हीरा नगर में रहने वाली एक महिला ने पति और ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना के मामले में केस दर्ज कराया था। बुधवार को महिला ने डीआईजी से गुहार लगाई कि उसके 16 माह के बच्चे को ससुराल पक्ष के लोग नहीं दे रहे हैं। वे वाट्सएप पर कॉलिंग कर या फोटो भेजकर उसे परेशान करते हैं। मामले में सीएसपी को जांच दी गई है।

डीआईजी हरिनारायण मिश्र के पास ज्योति सिंह पति कृष्ण चंदन सिंह पहुंची थी। उसने बताया कि नवंबर 2016 में उसकी शादी समस्तीपुर (बिहार) के मुसा ग्राम में हुई थी। जनवरी 2020 में उसने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दस लाख रुपए दहेज के मामले में केस दर्ज कराया था। ज्योति ने बताया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके 16 माह के बेटे को अपने पास रख लिया है। वह बेटे को नहीं दे रहे हैं और न ही उससे मिलने देते हैं। मामले में पति व अन्य लोग उसे वाट्सएप कॉलिंग से बात कर या फोटो भेजकर परेशान करते हैं। ज्योति ने बताया कि उसे बच्चा दिलाया जाए। मामला परदेशीपुरा सीएसपी निहित उपाध्याय को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

देश का सबसे स्वच्छ शहर बना आने वाली पीढ़ी के लिए शोध का विषय

इंदौर » सिटी रिपोर्टर

देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर अब आने वाली पीढ़ी के लिए शोध का विषय भी बन गया है। इंदौर में अपनाई जाने वाली सफाई व्यवस्थाओं सहित विकास कार्यों से जुड़े तमाम मसलों की जानकारियां इकट्ठा करने के लिए दिल्ली के नेशनल स्कूल के छात्र भी शहर आए हुए हैं। इन सभी छात्रों ने इंदौर की सफाई व्यवस्थाओं से जुड़े अभियानों का प्रेजेंटेशन देखा। खास बात यह रही कि नेशनल स्कूल के छात्रों के साथ यहां के फैकल्टी मेंबर्स ने सफाई के क्षेत्र में जारी कार्यों के साथ यहां की जनता के सहयोग के लिए सभी की दिल से प्रशंसा की। स्मार्ट सिटी ऑफिस में निगम के जिम्मेदार अधिकारी विष्णु खरे, असद वारसी, चिन्मय मराठे सहित अन्य की मौजूदगी में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

जनता ने किया दिल्ली के दल को खासा प्रभावित

इंदौर स्वच्छता में तीन बार नंबर वन बना चुका है। यही वजह है कि देशभर के अलग-अलग कोने से लोग इंदौर आकर यहां की सफाई व्यवस्था का अवलोकन कर रहे हैं। आलम यह है कि इंदौर की सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों से जुड़े मुद्दे अब शोध का विषय भी बन गए हैं। दिल्ली के नेशनल स्कूल के छात्र और वहां के फैकल्टी मेंबर भी इसी शोध को लेकर शहर पहुंचे। यहां नगर निगम के स्वच्छता मिशन से जुड़े अफसरों ने छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स को सफाई अभियान से जुड़ा प्रेजेंटेशन दिया। दिल्ली से आए दल के सभी सदस्य इंदौर की सफाई व्यवस्थाओं से बेहद प्रभावित दिखाई दिए। साथ ही सफाई से जुड़े अभियानों में इंदौर शहर की जनता ने जिस तरह से जागरूकता का परिचय दिया है, उसने भी दिल्ली के इस दल को खासा प्रभावित किया। वह चाहते हैं कि उनका प्रयास होगा कि इंदौर जैसी सफाई व्यवस्था जल्द से जल्द दिल्ली में भी दिखाई दे।

घर और दुकान से लाखों रुपए का माल ले गए चोर

इंदौर। सूने घर व दुकान से चोर लाखों रुपए का माल ले गए। वारदात बाणगंगा व तिलक नगर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने केस दर्ज किया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक न्यू गोविंद कॉलोनी में रहने वाले नन्नूलाल साहू ने मंगलवार को बताया कि वह बाहर गए थे। लौटे तो दरवाजा खुला था। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर उनके घर से सोने-चांदी के आभूषण व रुपए ले गए। दूसरी वारदात तिलक नगर थाना क्षेत्र की बंगाली कॉलोनी में अनीता जैन की शुभम ज्वेलर्स नामक दुकान पर हुई। उन्होंने पुलिस को बताया कि चोर उनकी दुकान का ताला तोड़कर इमिटेशन ज्वेलरी, चांदी के आभूषण व अन्य सामान ले गए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

रिटायर्ड रेंजर के घर सहित दो घरों से नकदी और जेवर ले उड़े चोर

इंदौर। कनाड़िया क्षेत्र में चोरों ने एक रिटायर्ड रेंजर के घर को निशाना बनाया, जबकि सामने रहने वाले एक अन्य परिवार के यहां भी वारदात की। पुलिस के मुताबिक वारदात पटेल नगर की है। यहां रहने वाले रिटायर्ड रेंजर सुधाकर चतुर्वेदी के घर से चोर 50 हजार रुपए के साथ सोने-चांदी के जेवर, घड़ियां और लैपटॉप और अन्य सामान ले गए। वहीं, चोर उनके घर के सामने रहने वाले सुनील वर्मा के घर से 15 हजार रुपए और सोने-चांदी के जेवर सहित अन्य सामान ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

नकली बैग बनाने वालों पर केस दर्ज

इंदौर। नकली बैग बनाने वालों के खिलाफ सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गौरव श्रीवास्तव निवासी ओमविहार कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि कोतवाली क्षेत्र में उनकी कंपनी के ब्रांड का बैग कुछ लोग बनाकर बेच रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने गौरव के साथ क्षेत्र में अली असगर पिता अकबर अली लाइटवाला निवासी सैफी नगर, अली असगर पिता इनायत हुसैन बैगवाला निवासी खातीवाला टैंक व मुस्ताक पिता मोहसिन लोखंडवाला निवासी सैफिया मस्जिद, बिजलपुर की दुकानों पर दबिश दी थी। इस दौरान पुलिस ने वहां से गौरव की कंपनी के बैग जब्त किए।

घटनास्थल को लेकर तीन थानों में उलझता रहा मामला

चाय सुट्टा दुकान से घर जा रहे दोस्तों को आयशर ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

इंदौर » सिटी रिपोर्टर

सेंट्रल जेल के पास हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके पीछे बैठा दूसरा दोस्त मामूली घायल हो गया। दोनों को चाय की दुकान से वापस आते समय एक आयशर ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। युवक की मौत के बाद घटनास्थल को लेकर मामला तीन थानों के बीच उलझा रहा। हादसे के करीब दो घंटे बाद तक परदेशीपुरा, तुकोगंज और एमजी रोड पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

घटना राजकुमार मिल की है। यहां रचना पिता इंदर निवासी हुकमचंद कॉलोनी दोस्त नवदीप पिता महेंद्र मुखासा निवासी एमजी रोड थाने के पीछे के साथ एक्टिवा से घर जा रहा था। तभी एक आयशर ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी। हादसे के बाद दोनों को एमवाय अस्पताल ले जाया गया। यहां कुछ देर बाद डॉक्टरों ने रचना को मृत घोषित कर दिया। नवदीप ने बताया कि रचना नगर निगम मार्केट में पशु बेचने वाले चाचा की दुकान पर बैठता था। शाम को वह घर आया था। इसके बाद वह चाय सुट्टा पीने पहुंचे थे। वहां से वापस आते समय हादसे का शिकार हो गए। नवदीप के मुताबिक वह दसवीं में पढ़ता है। हादसे के समय रचना ने हेलमेट नहीं पहना था।

शादी में व्यस्त था परिवार

हादसा सेंट्रल जेल के कॉर्नर पर राजकुमार मिल पर हुआ था। हादसे के करीब दो घंटे बाद तक परदेशीपुरा, एमजी रोड और तुकोगंज पुलिस मर्ग कायम नहीं कर पाई। बताया जाता है कि उक्त हिस्सा एमजी रोड में आता है, लेकिन पुलिस ने तुकोगंज थाना क्षेत्र में सिर का अधिकतर हिस्सा आने की बात कही। नवदीप के मुताबिक रचना का परिवार एक शादी में लगा था। हादसे की जानकारी लगने के बाद सभी एमवाय पहुंचे।

बाइक सवार की मौत, दो दिन तक ढूंढता रहे परिजन

आजाद नगर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति की बुधवार सुबह एमवाय में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना खुड़ैल क्षेत्र की है। 29 जनवरी की रात दिनेश पिता नाथूराम निवासी शांति नगर, मूसाखेड़ी को खजराना से घर आते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। दो दिन तक परिवार के लोग उसे ढूंढते रहे। बाद में अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी लगी। बुधवार अलसुबह उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। दिनेश किसी काम से खुड़ैल गया था।

पति से तलाक के बाद अलग रह रही पार्लर संचालिका ने लगाई फांसी

विजय नगर में रहने वाली एक ब्यूटी पार्लर संचालिका ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह पति से तलाक के बाद मां के साथ रह रही थी। परिवार के लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले संपर्क में आए एक युवक से उसकी आखिरी बार मोबाइल पर बात हुई थी। पुलिस ने मोबाइल जब्त किया है। मामले में परिजन ने जांच की बात कही है। टीआई तहजीब काजी के मुताबिक सुखसागर कॉलोनी में रहने वाली 32 वर्षीय प्रियंका पति उमेश अग्रवाल ने फांसी लगाकर जान दे दी। रिश्तेदारों ने बताया कि उसका 2015 में पति से तलाक हो गया था। इसके बाद वह मां और भाई भाभी के साथ रहती थी। वह घर के पास ही पार्लर संचालित करती थी। उसके दो बच्चे हैं। इनमें से एक पति के साथ रहता है। परिवार के लोगों ने बताया कि सुबह जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आई तो मां ने उसे फंदे पर लटका देखा। विजय नगर पुलिस के मुताबिक उन्होंने प्रियंका का मोबाइल जब्त किया है। उसके मोबाइल पर आखिरी बार किसी शाहनवाज नाम के लड़के का नंबर मिला है। उससे उसने देर तक बात की थी। परिवार के लोगों ने पूछताछ में बताया कि वह कुछ दिन पहले ही संपर्क में आया था। उन्होंने पूरे मामले में जांच की बात कही है।

पत्नी को फोन कर कहा, फंदे पर लटक रहा हूं

परदेशीपुरा में रहने वाले एक रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसने पत्नी को फोन कर फांसी लगाने की बात कही। जब पत्नी ने पिता को जानकारी दी और वह घर पहुंची तो पति फंदे पर लटका था। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम शिवाजीनगर निवासी 37 वर्षीय दीपक पिता ओंकार परिहार है। जांच अधिकारी तेजराम चौहान ने बताया कि दीपक रिक्शा चलाता था। उसकी पत्नी रेडीमेड कॉम्प्लेक्स में काम करती है। दीपक ने दोपहर में पत्नी को कॉल कर फांसी लगाने की धमकी दी थी। जांच अधिकारी के मुताबिक दीपक का एक साल का बेटा है। वह पत्नी को घर से बाहर जाने से रोकता था। इस बात को लेकर दोनों में विवाद होता रहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

PRATAAP SNACKS LIMITED

Registered Office Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Indore, Madhya Pradesh, 452020, India
Tel. (91 731) 2439999, Fax (91 731) 243 7605, CIN: L15311MP2009PLC021746, Website: www.yellowdiamond.in, E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31st DECEMBER, 2019

(INR in lakhs except as stated)

PARTICULARS	QUARTER ENDED			NINE-MONTHS ENDED		YEAR ENDED
	31.12.2019 Unaudited	30.09.2019 Unaudited	31.12.2018 Unaudited	31.12.2019 Unaudited	31.12.2018 Unaudited	31.03.2019 Audited
Total revenue from operations	36,062.63	38,800.22	30,874.55	1,07,962.76	86,407.92	1,17,060.96
Net profit for the period (before Tax, exceptional and/or extraordinary items)	712.29	1,554.75	1,079.18	3,467.44	4,131.21	5,565.97
Net profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	712.29	1,554.75	1,079.18	3,467.44	4,131.21	5,565.97
Net profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	551.97	1,198.97	807.49	2,716.25	2,972.15	4,404.13
Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	555.09	1,202.10	809.18	2,725.62	2,977.47	4,416.56
Paid up equity share capital - Face value INR 5 each	1,172.65	1,172.65	1,172.65	1,172.65	1,172.65	1,172.65
Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year)						54,963.06
Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised)						
Basic - INR	2.35	5.11	3.44	11.58	12.67	19.03
Diluted - INR	2.35	5.11	3.44	11.58	12.67	19.03

Notes:

1. The above consolidated financial results of the Group have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 5th February, 2020.
2. The Group has determined 'Snacks Food' as a reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the performance. There are no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'.
3. The Group has adopted Ind AS 116 Leases using modified retrospective approach under which the cumulative effect of initial application is recognised as at 1st April, 2019. On adoption of Ind AS 116, the Group has recognised 'Right-of-use' assets amounting to INR 6,627.45 lakhs (including reclassification of lease prepayment (formed as assets) amounting to INR 90.54 lakhs) and lease liabilities amounting to INR 6,527.92 lakhs as at 1st April, 2019. There is no impact on retained earnings as at 1st April, 2019. To this extent, performance for the quarter ended 30th September, 2019, quarter and nine-months ended 31st December, 2019 is not comparable with previous periods results.
4. The Nomination and Remuneration Committee of the Board of Directors of the Holding Company at its meeting held on 9th August, 2019 have granted 3,47,000 Stock Appreciation Rights ('SAR') to eligible employees of the Group under Prataap Employees Stock Appreciation Rights Plan 2018 ('SAR'). The said grant has already been approved by the shareholders in their Annual General Meeting held on 28th September 2018. Accordingly the Group has recognised an expense amounting to INR 60.10 lakhs for the quarter ended 30th September, 2019, INR 100.75 lakhs and INR 160.85 lakhs for quarter and nine-months ended 31st December, 2019 respectively included under employee benefit expenses towards SAR granted.
5. Pursuant to approval of scheme of amalgamation by National Company Law Tribunal, Pure N Sure Food Bites Private Limited (PNSFBPL), a wholly owned subsidiary, has been amalgamated with the Holding Company effective 1st April, 2019. The amalgamation of PNSFBPL did not have any impact on the consolidated financial results of the Group.
6. The Key audited standalone financial information are as under.

(INR in lakhs)

PARTICULARS	QUARTER ENDED			NINE-MONTHS ENDED		YEAR ENDED
	31.12.2019 Unaudited	30.09.2019 Unaudited	31.12.2018 Restated Unaudited (Refer note 5)	31.12.2019 Unaudited	31.12.2018 Restated Unaudited (Refer note 5)	31.03.2019 Restated Audited (Refer note 5)
Total revenue from operations	31,660.00	34,293.88	27,001.18	95,037.25	82,584.55	1,09,254.33
Profit before tax	768.43	1,592.45	1,296.69	3,615.17	4,345.89	5,632.39
Profit after tax	560.73	1,206.50	925.44	2,752.91	3,087.30	4,401.25

7. The above is an extract of the detailed format of unaudited consolidated financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2019, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited consolidated financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2019 are available on the websites of the Stock Exchange(s) www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.yellowdiamond.in

For Prataap Snacks Limited

Place: Indore
Date: 5th February, 2020

Amit Kumat
Managing Director and Chief Executive Officer

PRATAAP SNACKS LIMITED

Registered Office Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Indore, Madhya Pradesh, 452020, India
Tel. (91 731) 2439999, Fax (91 731) 243 7605, CIN: L15311MP2009PLC021746, Website: www.yellowdiamond.in, E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

STATEMENT OF DEVIATION / VARIATION IN UTILISATION OF FUNDS RAISED

Name of listed entity	Prataap Snacks Limited
Mode of Fund Raising	Public Issue
Date of Raising Funds	5th October, 2017
Amount Raised (Net of issue expenses)	Rs. 18767.89 Lakhs
Report filed for Quarter ended	31st December, 2019
Monitoring Agency	Applicable
Monitoring Agency Name, if applicable	HDFC Bank Limited
Is there a Deviation / Variation in use of funds raised	Yes
If yes, whether the same is pursuant to change in terms of a contract or objects, which was approved by the shareholders	Yes
If Yes, Date of shareholder Approval	28th September, 2018
Explanation for the Deviation / Variation	The shareholders approved the use of amount earmarked for expansion of Chips facility and Construction of related building at Indore plant which was forming part of Funding capital expenditure requirements in the below table, for acquisition of Avadh Snacks Private Limited. Explanation for the Deviation / Variation as per explanatory statement of the Notice of the Annual General Meeting of the Company held on 28th September, 2018: The Company has entered into agreement with the three job workers for manufacturing of Potato Chips located at Kolkata, Bengaluru and Ahmedabad post filing of the prospectus. These decentralised manufacturing facilities will help our Company to respond the demand in faster way by optimizing the logistics cost and hence our Company does not require to expand the potato chips manufacturing facility at Indore. Further as the expansion plan of potato chips facility at Indore is being dropped, the related building is also not required to be constructed. Gujarat is one of the biggest salty snacks market in India therefore, this is one of the most important markets where our Company would like to build a presence. Avadh Snacks Private Limited has started manufacturing and selling of branded packaged namkeen under brand name "Avadh" in 2010 and today has a well-diversified and strong product portfolio for namkeens like bhujia, chevda, fafda, gathiya, etc. and extruded pellets like wheels, cups, pasta, etc. with strong presence in the state of Gujarat and now expanding to Maharashtra and Rajasthan. The product bouquet of our Company and Avadh are complementary and will create a balanced portfolio with a mix of regional and national flavours & variants across categories. The acquisition will also lead to a significant synergy in distribution across Gujarat and neighbouring market. Post variation, the amount to be utilised for the objects for which the Prospectus was issued will not be less than seventy five percent of the amount raised.
Comments of the Audit Committee after review	The Audit Committee reviewed the Statement of Deviation/Variation in utilisation of funds raised through Initial Public Offer (IPO), for the quarter ended 31st December, 2019, as placed before its Meeting held on 5th February, 2020 and noted that aforesaid Statement stating deviation of Rs. 3952.00 lakhs in the utilisation of IPO proceeds for the objects as stated in the Prospectus and the actual utilisation is as per the approval of the shareholders granted by way of special resolution passed in the Annual General Meeting of the Company held on 28th September, 2018.
Comments of the auditors, if any	Nil

Objects for which funds have been raised and where there has been a deviation, in the following table — Amount (Rs. in lakhs)

Original Object	Modified object, if any	Original Allocation	Modified Allocation, if any	Funds Utilised (as on 31st December, 2019)	Amount of Deviation/Variation for the quarter according to applicable object	Remarks if any
Repayment/pre-payment in full or part of certain loans availed by the Company	--	1,298.20	--	1,298.20	--	--
Funding capital expenditure requirements in relation to expansion (including through setting up of a new production line and construction of building) and modernization at certain of our existing manufacturing facilities.		6,699.80	2,747.80	954.50		The Company has dropped the utilisation of funds for the items mentioned below, which were forming part of object "Funding capital expenditure requirements in relation to expansion (including through setting up of a new production line and construction of a building) and modernization at certain of our existing manufacturing facilities. Sr. No. / Particulars / Amount (Rs. in lakhs): A. Chips — 1. Expansion through setting up of new production line, packaging line and purchase of related utilities and ancillary equipment/machinery at our manufacturing facility at Indore: 3,451.00; B. Building — 1. Construction of building for storage of raw materials, packaging materials and finished goods at our manufacturing facility at Indore: 501.00; Total (A+B): 3,952.00
	Acquisition of Avadh Snacks Private Limited	--	3,952.00	3,952.00	--	Rs. 3952.00 lakhs was utilised out of Rs. 6699.80 lakhs for acquisition of Avadh Snacks Private Limited during the quarter ended 31st December, 2018 in the financial year 2018-19 as per the aforesaid approval of shareholders granted by way of special resolution passed in the Annual General Meeting of the Company held on 28th September, 2018.
Investment in subsidiary, Pure N Sure, for repayment/pre-payment of certain borrowings availed by our subsidiary	--	2,957.00	--	2957.00	--	-
Marketing and brand building activities	--	4,000.00	--	2,883.49	--	-
General Corporate Purposes	--	3,812.89	--	3,812.89	--	-
Total		18,767.89		15,858.08	--	-

Deviation or variation could mean:
(a) Deviation in the objects or purposes for which the funds have been raised or
(b) Deviation in the amount of funds actually utilized as against what was originally disclosed or
(c) Change in terms of a contract referred to in the fund raising document i.e. prospectus, letter of offer, etc.

Name of Signatory : Om Prakash Pandey
Designation : Company Secretary & Compliance Officer